Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of Eklavya Model Residential School in Pali Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): सभापति महोदय, देश भर में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को उच्च एवं गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एकलव्य आवासीय मॉडल (ईएमआरएस) विद्यालयों की स्थापना आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में की जा रही है। वर्ष 2022 तक 50% तक अनुसूचित जनजाति आबादी और 20 हजार अनुसूचित जनजातीय व्यक्तियों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक (ईएमआरएस) खोलने का प्रावधान किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र पाली (राजस्थान) में आवासीय विद्यालय की स्थापना हेतु लगातार माननीय मंत्री जी से पत्राचार किया जा रहा है। 2011 की जनगणना के अनुसार पाली जिले में अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या लगभग 1 लाख, 50 हजार है जो कि कुल जनसख्या का लगभग 8% है, जिसमें से बाली ब्लाक में 72,218 अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, जो कि यहां की जनसंख्या का लगभग 35% है। बाली ब्लाक के पास सुमेरपुर व देसुरी ब्लॉकों में भी लगभग 45 हजार अनुसूचित जनजाति के लोग हैं। सदन के माध्यम से माननीय जनजातीय कार्य मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के इस गोडवाड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जनसख्या प्रतिशत में छूट प्रदान कर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें, इसके लिए मै आपका आभारी रहूँगा।